तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार, 24 नवंबर 2025

14 जनजातीय गौरव कार्यशाला में शहीदों ...



14 बनसागर में मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं...



[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

## समस्या : माइंस प्रबंधन और कंपनी के बीच क्षतिपूर्ति विवाद गहराया, परिवहन बंद

# माइंस प्रबंधन, वन विभाग, ग्रामीण व वनोपज क्षतिपूर्ति के भंवर जाल में फंसे ट्रक आपरेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल

■ परिवहन प्रभावित होने से आय घटी और कर्ज बढ़ा



माइंसो ने 30 वर्ष तक के लिए वनोपज क्षतिपूर्ति पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर में जमा करा दी, लेकिन पूर्व मंडल भानुप्रतापपुर ने एक वर्ष की वनोपज क्षतिपूर्ति राशि प्रभावित क्षेत्र के गांवों को वितरण कर दी। लेकिन 9 साल से माइंस के प्रभावित क्षेत्र के परिवारों को वनोपज क्षतिपूर्ति राशि वितरण नहीं किया है। ग्रामीण माइंस प्रबंधन से वनोपज क्षतिपूर्ति राशि मांग रहे हैं, लेकिन कंपनी एक साथ 30 साल के लिए वनोपज क्षतिपूर्ति पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर में जमा करने की बात कह रही है।

माइंस प्रबंधन और कंपनी के बीच क्षतिपूर्ति विवाद गहराई है, इस कारण श्री बजरंग आयरन ओर माइंस ने लौह अयस्क परिवहन कार्य बंद कर दिया। परिवहन बंद करने से कारण ट्रक मालिक परेशान हैं। पिछले 3 महिने परिवहन कार्य सही तरीके से नहीं चलने के कारण कर्ज से परेशान हैं। इधर क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिलने से डिस्पैच अनिश्चितकाल के लिए कंपनी के द्वारा बंद किए जाने से ट्रक मालिकों चिंता बढ़ गई है। साथ ही एक कारण यह भी सामने आई है, इस्पात लिमिटेड रायपुर को भुरकागुदुम, भुसकी, पड़गाल के मध्य गोल्ड माइंस आक्शन में मिली है, जिससे खनिज आकलन के लिए ड्रिलिंग कार्य किया जाना है, कंपनी ड्रीलिंग कार्य करना चाहती है, लेकिन स्थानीय ग्रामीण इस बात की मांग कर रहे हैं, कि 9 साल का वनोपज क्षतिपूर्ति भुगतान करें। हम आपका सहयोग करेंगे। साथ कंपनी को नए खदान में भी वनोपज क्षतिपूर्ति, पेयजल, अस्पताल, स्कूल, बीमा, स्वास्थ्य के क्षेत्र और ग्राम विकास के क्षेत्र में कार्य करने होंगे। कंपनी के अधिकार सुरेश अग्रवाल, मैनेजर रवि तिवारी ने बताया कि हमने 30 वर्ष के लिए एक साथ वनोपज क्षतिपूर्ति राशि पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर कार्यालय में जमा कर दिया है। एक वर्ष का वनोपज क्षतिपूर्ति राशि प्रभावित क्षेत्र वनोपज संग्राहक परिवार भुगतान कर चुका है। इसके बाद से भुगतान नहीं कर रही है। पूर्व वन मंडल भानुप्रतापपुर के द्वारा वनोपज क्षतिपूर्ति राशि भुगतान कर देनी चाहिए। वनोपज क्षतिपूर्ति का मामला न्यायालय में चल रहा है। फैसला का इंतजार है। नए गोल्ड माइंस आक्शन में मिली ▶▶| शेष पेज 12 पर

### परिवहन बंद करना गलत

ग्रामीणों की मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरी करेंगे, इधर परिवहन संघ दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष जगतराम दुग्गा, उपाध्यक्ष जगदीश दुग्गा, सुमन नाग, हेमंत नाग, क्षत्रप्रताप दुग्गा, छबिलाल जाड़े ने कहा कि वनोपज क्षतिपूर्ति राशि और नये माइंस के कारण परिवहन कार्य आयरन ओर माइंस हाहालद्दी में परिवहन कार्य कंपनी के द्वारा बंद कर दिया गया है। परिवहन कार्य बंद करना गलत है। वनोपज क्षतिपूर्ति राशि और नए माइंस के लिए संवाद करते हुए उचित हल निकालना चाहिए, लेकिन अचानक अनिश्चितकाल के लिए परिवहन कार्य बंद कर दिया गया है, इस कारण हमें नुकसान हो रही है।

### जुलाई से परिवहन खंडित

जुलाई, अगस्त, सितंबर महिने में माइंस में परिवहन कार्य नियमित नहीं चली। एक-एक ट्रीप परिवहन कार्य कर नुकसान में तीन महिना गुजर गई। भारी आर्थिक क्षति हुई, ट्रकों का 3-3 किश्त जमा नहीं किए हैं, अब पुनः परिवहन कार्य बंद हो गई है। जल्द चालू नहीं हुई ट्रक को फायनेंस कंपनी खींचकर ले जाएंगे। हम सोमवार को जिले के कलेक्टर से मिलकर परिवहन कार्य चालू कराने की मांग करेंगे। जल्द परिवहन कार्य चालू नहीं हुई तो दुर्गुकोंदल मुख्य चौक में चक्काजाम करेंगे।

# जिले में धान खरीदी शुरू, अपराधी सक्रिय, बैंक के बाहर नोट न गिनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ पुलिस ने किसानों को किया अलर्ट, रकम डिक्की में न रखें




धान खरीदी का सीजन आते ही किसानों के बैंक खातों में पूरे साल की मेहनत का पैसा आने लगता है, लेकिन इसी समय उठाई गिरोह की गतिविधियां भी तेज हो जाती हैं। कांकेर पुलिस ने किसानों को साइबर ठगी, उठाईगिरी व चोरी से बचाने के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया है। गांव-गांव और खरीदी केंद्रों में पोस्टर लगाकर किसानों को सावधानी बरतने की अपील की जा रही है।

पुलिस का कहना है कि अपराधियों की नई चाल बेहद खतरनाक है वे किसानों की तूबहू आवाज बनाकर कॉल करते हैं, रिश्तेदार या परिचित बताकर तुरंत पैसे भेजने का दबाव बनाते हैं। ऐसे मामलों में घबराएं नहीं, पहले वीडियो कॉल कर पहचान की पुष्टि करें, तभी कोई निर्णय लें। बैंक से पैसे निकालते समय, घर लौटते समय और बीच रास्ते में रुकने पर अपराधी मौके की तलाश में रहते हैं। इसलिए किसानों को सलाह है कि लेन-देन के दौरान किसी भी अनजान व्यक्ति से दूरी बनाए रखें। बैंक की जानकारी साझा न करें और नोटों की गिनती हमेशा बैंक के भीतर ही पूरी करें। बाहर नोट गिनना चोरी की घटना को बढ़ावा देता है। कांकेर पुलिस ने चेतावनी दी है कि बैंक के बाहर या भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मौजूद अनजान लोग मदद के बहाने पैसा छीन ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सोशल मीडिया पर भी ठग सक्रिय

फर्जी लिंक भेजकर या एपीके फाइल डाउनलोड कराने के बहाने अपराधी खाते खाली कर देते हैं। किसी भी वित्तीय जानकारी की पुष्टि केवल बैंक शाखा या आधिकारिक हेल्पलाइन से ही करें। ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधी किसानों की व्यक्तिगत जानकारी लेकर उन्हें निशाना बनाते हैं, इसलिए अपनी आर्थिक जानकारी गोपनीय रखना ही सबसे सुरक्षित तरीका है। पुलिस ने किसानों से अपील की है कि बैंक से लेन-देन के दौरान किसी मित्र या परिजन को साथ लेकर जाएं। बैंक के आसपास संदिग्ध व्यक्ति दिखने पर 9479194199 पर फोन करें।

## खबर संक्षेप

### सेल खेल के 19वां संस्करण में तालाबेड़ा की असमति प्रथम



**अंतागढ़।** रामकृष्ण मिशन आश्रम में चल रहे सेल खेल के 19वाँ संस्करण में शाउमावि तालाबेड़ा की असमति दर्रो ने 100 मीटर दौड़ के व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रथम स्थान, 400 मीटर में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की पूर्णिमा मरकाम ने बालिका वर्ग गोलफेंक स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं कांकेर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। बस्तर ओलम्पिक प्रतियोगिता में भी असमति दर्रो ने 100 मीटर एवं 400 मीटर में जिले स्तर पर प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया था। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि के लिए संस्था के प्राचार्य एसआर देहारी, सुशीला कोमरे, अनूप श्रीवास्तव, एनएल केमरो, संजय जुर्री, एसके चौहान, एसएल पटेल, जेएस कुमेटी, राधारमण यादव, सूर्यकांत साहू, वीशंकर नेताम सभी स्टाफ द्वारा बच्चों को बधाई के साथ बच्चों की उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया। बच्चों द्वारा बिना कोच और खेल साधनों के अभाव में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय है।

### बेवरती में शव दफन को लेकर विवाद



**कांकेर।** कांकेर जिले के ग्राम बेवरती में रविवार को एक धर्मांतरित महिला के शव दफन को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। जानकारी के अनुसार, धर्मांतरित परिवार द्वारा महिला का शव गांव में ही दफनाने की तैयारी की जा रही थी, जिस पर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना था कि धर्मांतरण के बाद परंपरागत ग्राम व्यवस्था के अनुसार गांव की भूमि में दफन की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच बहस बढ़ी और ग्रामीणों ने शव दफन की तैयारी कर रहे परिवार को मौके पर ही घेर लिया। स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए आसपास के लोग भी पहुंच गए। सूचना मिलने पर स्थानीय प्रशासन और पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर मामले को शांत कराने की कोशिश की। खबर लिखे जाने तक अधिकारियों द्वारा दोनों पक्षों से चर्चा कर समाधान तलाशने का प्रयास किया जा रहा था।

### दक्षिण दिल्ली भ्रमण के लिए 60 प्रतिभागी रवाना



**कांकेर।** मेरा युवा भारत माय भारत तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 17 वें आदिवासी युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत कुल 60 प्रतिभागी आज ▶▶| शेष पेज 12 पर

# राष्ट्रीय एकता में सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय एवं प्रेरणादायी : सांसद नाग





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर


■ राष्ट्रीय गौरव एवं एकता के संदेश के साथ निकाला गया यूनिटी मार्च

देश के लौहपुरुष के नाम से विख्यात सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर रविवार 23 मार्च को जिला मुख्यालय में युनिटी मार्च का आयोजन किया गया, जिसके तहत कांकेर नगर और आसपास के ग्रामों में जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों, स्वयंसेवी संगठनों और अधिकारी कर्मचारियों ने पैदल यात्रा की। यह मार्च सुबह 09 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 01 बजे नरहरदेव खेल मैदान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग और विधायक आशाराम नेताम ने हाथों में राष्ट्र ध्वज तिरंगा लेकर यूनिटी मार्च में हिस्सा लिया और पैदल यात्रा की। इस दौरान जगह-जगह मार्च में शामिल लोगों का स्वागत किया गया।

गोविंदपुर स्थित खेल मैदान में मार्च के प्रारंभ में सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि देशवासियों को एकता के पथ पर सदैव साथ रहना होगा और भारत को विश्व गुरु बनाने का संकल्प भी तभी पूरा होगा जब प्रत्येक नागरिक कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहेगा। लौहपुरुष सरदार पटेल के व्यक्तित्व और ऐतिहासिक कार्यों को याद करते हुए कहा कि आज की युवा पीढ़ी को सरदार पटेल का देश के प्रति अतुलनीय योगदान को कभी भूलना नहीं चाहिए, बल्कि सदैव याद रखने की जरूरत है। साथ ही यह भी कहा कि सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने को आगे ले जाने जिम्मेदारी आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर है। इस दौरान उन्होंने सभी उपस्थित जनों को स्वदेशी अपनाने और नशामुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की शपथ भी दिलाई।

उद्बोधन के पश्चात पदयात्रा प्रारंभ हुई जो ग्राम अर्जुनी, भीरावाही, खपरापारा, अलबेलापारा, पुराना बस स्टैंड, ऊपर नीचे रोड के बाद घड़ी चौक, अंबेडकर चौक से होते हुए पुनः घड़ी चौक पहुंची और अंततः नरहरदेव पीएमश्री शाउमा विद्यालय के डोम में समापन हुआ। मार्च के दौरान मार्ग में शहीदों को प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इनमें बस्तर के महान क्रांतिकारी गुंडाधूर, संविधान निर्माता भीमराव अम्बेडकर, शहीद शिव कुमार एवं शहीद राजेंद्र नाविक की प्रतिमाएं शामिल थी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### लापता युवक की लाश तालाब में मिलने से इलाके में सनसनी



**पखांजुर।** नगर पंचायत पखांजुर क्षेत्र में दो दिन से लापता युवक का शव तालाब में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। वार्ड क्रमांक 1 पखांजुर निवासी 26 वर्षीय युवक की मौत तालाब में डूबने से होने की आशंका जताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार पखांजुर नगर पंचायत वार्ड क्रमांक 1 निवासी 26 वर्षीय प्रहलाद समद्दार 21 नवंबर से अपने घर से लापता था। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन कहीं कोई जानकारी नहीं मिल पाई थी। दो दिन बाद 23 नवंब रविवार की सुबह गाँव के ही तालाब में ग्रामीणों ने एक शव को तैरता हुआ देखा, जिसकी पहचान लापता प्रहलाद समद्दार के रूप में की गई। इस घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पखांजुर पुलिस दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ▶▶| शेष पेज 12 पर

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता– स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## चोरी के 6 मोबाइल बरामद, कोर्ट में चालान किया पेश

# बसस्टैंड की दुकान से 45 हजार के मोबाइल की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ पुलिस ने शिवनगर में आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा, जुर्म किया कबूल



शहर के विभिन्न इलाको में सप्ताहभर पहले लगार चोरी का मामला सामने आ रहा था। चोरी मामले को देखते हुए कांकेर पुलिस सख्ते में आई और चोर की तलाश में जुटी हुई थी। नया बस स्टैण्ड के मोबाइल दुकान में चोरी करने वाले चोर कोण्डागांव जिला के पटेलपारा फुंडेरी निवासी 21 वर्षीय दिनेश कुमार मंडावी पिता स्व. रूपसिंह को पुलिस ने धर दबोचा और गिरफ्तार कर न्यायलय पेश किया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे बरदेभाठा निवासी नरेन्द्र साहू पिता विजय लाल साहू ने पुलिस को बताया था कि उनका मोबाईल दुकान महाराणा प्रताप चैंक नया बस स्टैण्ड के सामने में हैं, जिसमें 20 नवंबर को रात करीबन साढ़े 3 बजें के आस- पास अज्ञात व्यक्ति के द्वारा टीना शीट को तोड़कर अन्दर घुसकर दुकान में रखे 6 नग नए मोबाईल को चोरी कर लिया था। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया। विवेचना के दौरान थाना कांकेर पुलिस द्वारा अज्ञात चोर के संबंध में लगातार पतासाजी करते हुऐ 23 नवंबर को शिवनगर कांकेर में आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम दिनेश कुमार मण्डावी निवासी फुन्डेर थाना धनोरा जिला कोण्डागांव का रहना बताया एवं चोरी करना कबूल करने पर 23 नवंबर को गिरफ्तार किया गया। चोरी हुऐ 6 नग मोबाइल को बरामद कर विधिवत कार्यवाही किया करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, प्रधान आरक्षक शिव बेसरे, पुरन साहू, रूद्र जुर्री, थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम का अहम भूमिका रहा है।

# एकलव्य विद्यालय में "उड़ान" थीम पर हुआ वार्षिकोत्सव व आनंद मेला

## विज्ञान प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल चिचाड़ी में शनिवार को "उड़ान" थीम के साथ वार्षिक उत्सव व विज्ञान प्रदर्शनी एवं आनंद मेला 2025 का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रशांत पात्र (नगर पंचायत अध्यक्ष), मूलचंद पांडे (उपाध्यक्ष), घनश्याम मरकाम पालक संघ अध्यक्ष तथा विद्यालय प्राचार्या श्रीमती अनीता मंडावी द्वारा माँ सरस्वती एवं पूज्य देवी छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से किया गया।

विद्यार्थियों ने "उड़ान" थीम को साकार करते हुए विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नृत्य-नाटक एवं गीत और आनंद मेला के रचनात्मक स्टॉलों के माध्यम से अपनी बहुआयामी प्रतिभा का आकर्षक प्रदर्शन किया। स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, रोबोटिक्स, कृषि तकनीक और जल संरक्षण से जुड़े नवाचारपूर्ण वैज्ञानिक मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों और राज्य स्तरीय सांस्कृतिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, जिससे पूरे कार्यक्रम का उत्साह और बढ़ गया। मुख्य अतिथियों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास की सराहना करते हुए कहा कि "उड़ान" थीम बच्चों को अपने सपनों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने की प्रेरणा देती है।



### इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान

कार्यक्रम की सफलता में प्राचार्या अनीता मंडावी के नेतृत्व में सभी स्टाफ सदस्यों सुरेंद्र (उप प्राचार्य), सुनील, एकता बडोनी, आरती यादव, राकेश, अशोक रांगी, राखी दहिया, किशन गुप्ता, अमित, आज़ाद सर, खलील, अकरम सर, मिर्ज़ा नजमुल हुसैन, अंजली, मंजू चंद्रा, प्रियंका वर्मा, सुभषमिता, प्रवीण, आकांक्षा, दुर्गेश, रजनी, सरिता, शादाब, नर्स सविता, ऋतिक तथा सभी एमटीएस स्टाफ का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का मूल्यांकन निर्णायक मंडल के सदस्यों द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन से कार्यक्रम की गुणवत्ता और निखरी।



## यह सम्मान मेरा नहीं पूरे नारायणपुर जिले का है: रूपसाय सलाम

# रूपसाय सलाम के नगर आगमन पर मांदरी और जयघोषों के साथ हुआ ऐतिहासिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष पद पर नियुक्त भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रूपसाय सलाम के पदभार ग्रहण के पश्चात उनके प्रथम नगर आगमन पर नारायणपुर में ऐतिहासिक स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दिन नारायणपुर जिले के लिए गौरव का क्षण बन गया।

जैसे ही रूपसाय सलाम का काफिला जयस्तंभ चौक पहुंचा, वहां उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने जोरदार आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद पारंपरिक मांदरी नृत्य के साथ सांस्कृतिक झलक दिखाते हुए उत्साहित कार्यकर्ताओं का हुजूम जयघोष करते हुए लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह तक पैदल मार्च करते हुए नारों और गजमालाओं के साथ लोगों ने अपनी भावनाएं प्रकट कीं।



### सामाजिक पृष्ठभूमि और संघर्षों से निकला नेतृत्व

*रूपसाय सलाम 1987 से भाजपा में सक्रिय हैं। वे दो बार भाजपा जिलाध्यक्ष, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। वर्तमान में सर्व आदिवासी समाज के संरक्षक के रूप में कार्य कर रहे हैं। धर्मांतरण के विरुद्ध संघर्ष में भी वे मुखर भूमिका निभा चुके हैं, जिसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा। इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### रूपसाय सलाम का भावुक संबोधन



विश्रामगृह परिसर में आयोजित स्वागत सभा में रूपसाय सलाम ने कहा यह सम्मान मेरा नहीं, पूरे नारायणपुर जिले का सम्मान है। भाजपा प्रदेश नेतृत्व व विष्णुदेव सरकार ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, मैं उसे धरातल तक उतारने और वनोपज संग्रहण से जुड़े वनवासी भाइयों-बहनों के हित में ठोस कार्य करने के लिए संकल्पित हूं। यह जिम्मेदारी मेरे लिए एक मिशन है, सेवा का माध्यम है।

### वरिष्ठ नेताओं ने किया संबोधन

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार ने कहा कि रूपसाय सलाम जैसे समर्पित और जमीनी नेता का यह दायित्व मिलना संगठन के लिए गौरव की बात है। जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने कहा रूपसाय सलाम की नियुक्ति से आदिवासी समाज को नई दिशा मिलेगी। वरिष्ठ नेता बृजमोहन देवांगन व गौतम गोलछा ने उन्हें कर्मठ योद्धा बताते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में वनोपज आधारित योजनाओं में क्रांतिकारी सुधार देखने को मिलेगा।

# नेट सेवा कंडम, सरकारी काम ठप बीएसएनएल टावर लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत लोहतर के निवासी पिछले लंबे समय से खराब मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसके कारण ग्रामवासियों, विशेषकर स्कूली बच्चों और ऑनलाइन सरकारी कार्यों पर गंभीर असर पड़ रहा है। लोहतर में वर्तमान में केवल एक निजी दूरसंचार कंपनी जियो का टावर है, जो लगातार खराब रहता है और नेटवर्क की अस्थिरता बनी रहती है। स्थानीय ग्रामीण रविन्द्र भालेशवर, सोनाराम साहु, तेज प्रताप, सन्तों दुगा का कहना है कि नेटवर्क की इस समस्या के कारण कई आवश्यक सरकारी ऑनलाइन कार्य अटक जाते हैं। पेंशन आवेदन, जाति प्रमाण पत्र, आधार से संबंधित कार्य और अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल सेवाएं समय पर पूरी नहीं हो पाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जियो टॉवर की लगातार खराबी के चलते उन्हें छोटी-छोटी ऑनलाइन सेवाओं के लिए भी दूरदराज के कस्बों में जाना पड़ता है। स्थानीय युवा मोर्चा नेता राहुल राय जाभुरकर ने इस गंभीर स्थिति को उजागर करते हुए बताया की नेटवर्क की इस समस्या से स्कूली बच्चों की पढ़ाई सबसे ज़्यादा प्रभावित हो रही है।

ऑनलाइन कक्षाएं और शैक्षणिक सामग्री डाउनलोड करने में उन्हें भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। एक टावर पर निर्भरता और उसकी खराब कार्यप्रणाली ने गांव को डिजिटल दुनिया से काट दिया है। ग्राम पंचायत लोहतर के निवासियों ने सर्वसम्मति से बीएसएनएल का टावर स्थापित करने की मांग की है।

# मितानिन दिवस पर वार्ड 14 के उप स्वास्थ्य केंद्र में सम्मान समारोह

**फरसगांव।** नगर पंचायत फरसगांव के वार्ड क्रमांक 14 में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को मितानिन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर मितानिनों को शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। मितानिन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मितानिनों के योगदान को रेखांकित किया गया, जिन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने, टीकाकरण अभियान चलाने और गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं की देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्र ने मितानिन दिवस पर मितानिनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों की मेहनत से आज लोगों को स्वस्थ सुविधा घर तक मिल पा रही है। उन्होंने मितानिनों के कार्यों की सराहना की और कहा कि वे स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

मितानिनों के प्रयासों से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है और लोगों को घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, पार्षद विनोद पांडे, संगीता प्रवीण राव, स्वास्थ्य विभाग से माया सिस्टर, युवराज नेताम, किरण सहित मितानीन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बालेंगा में धूमधाम से मना मितानिन दिवस



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जिले के विकासखंड बड़ेराजपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बालेंगा में 23 नवंबर को मितानिन दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पंचायत परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, मितानिन दीदी और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सुकमन नेताम, जनपद अध्यक्ष बड़ेराजपुर, नारायण नेताम, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बड़ेराजपुर, सुकमन मरकाम, सरपंच बालेंगा, साहेब नेताम, उपसरपंच बालेंगा सहित सोनाराम मरकाम, परमिला नेताम, सुरेश मरकाम, रामजी नेताम, अजय नेताम एवं रोजगार सहायक सुकडू नेताम उपस्थित रहे। मितानिनों और आंगनबाड़ी कर्मियों का हुआ सम्मान कार्यक्रम के दौरान मितानिन दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को गांव में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनके समर्पण और मेहनत के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि मितानिनें ग्रामीण क्षेत्रें में स्वास्थ्य जागरूकता, प्रसूति देखभाल, टीकाकरण एवं पोषण कार्यक्रमों में अहम भूमिका निभा रही हैं। अतिथियों ने मितानिनों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके सहयोग से ग्रामीण क्षेत्रें में अनेक स्वास्थ्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन संभव हो पा रहा है।

### गुण्डाधुर महाविद्यालय में उत्साह से मना 77वां एनसीसी दिवस



**कोण्डागांव।** शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोंडागांव में 77वां एनसीसी दिवस बड़ी गरिमा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम एवं एनसीसी प्लाटून के सीओ के मार्गदर्शन में माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ। एनसीसी केयरटेकर नेहा बंजारे ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए तीन वर्षों से सक्रिय एनसीसी कन्या इकाई की उपलब्धियों और राष्ट्रसेवा में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, एकता और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है।

### कुटीर उद्योग में महिलाओं ने पेश की आत्मनिर्भरता की मिसाल

**बकावंड।** बकावंड ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत मैलबेड़ा के जानीपारा में वर्षों से संचालित कुटीर उद्योग आज भी गांव की अर्थव्यवस्था और परंपरा दोनों को जीवित रखे हुए है। यहां की पांच विधवा महिलाएं अपने हाथों की मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रही हैं। इन महिलाओं ने किसी पर निर्भर रहने के बजाय अपने हुनर पर विश्वास करते हुए घर आधारित कुटीर उद्योग स्थापित किया है। वे पारंपरिक तरीके से बस्तर और ओरिया भाषा में प्रसिद्ध गपा टुकना (बांस, सरई आधारित घरेलू उपयोग का सामान) तैयार करती हैं। सप्ताह भर की मेहनत में ये महिलाएं लगभग 2,000 रुपये तक की सामग्री तैयार कर लेती हैं। इस कुटीर उत्पाद की सबसे खास बात यह है कि यह पूरी तरह टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल और लंबे समय तक चलने वाला होता है। यही वजह है कि व्यापारी खुद इनके घर तक सामान खरीदने पहुंच जाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि जहां प्लास्टिक का टुकना 50 रुपये से अधिक में बेचा जाता है और थोड़े इस्तेमाल में ही टूट जाता है । वहीं इन महिलाओं के द्वारा बनाए गए मजबूत और टिकाऊ टुकना को व्यापारी सिर्फ 10 से 20 रुपये तक में खरीद लेते हैं। यह इन मेहनतकश महिलाओं के कौशल और परिश्रम का सरासर अनुचित मूल्यांकन है। जब भी इन महिलाओं को दिन रात मेहनत करते देखते है तो महसूस होता है कि इन्हें उचित मूल्य, बाज़ार, और सरकारी सहयोग की बहुत आवश्यकता है।

# श्री सत्य साईं बाबा का 100वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया

**कांकेर।** श्री सत्य साई समिति कांकेर द्वारा साई पुट्टापर्थी के साई बाबा का 100वां जन्मदिन मनाया गया। बाबा का जन्म 23 नवंबर 1926 को आंध्रप्रदेश के पुट्टापर्थी के पास हुआ। 100वे जन्मदिन में सुबह 5 बजे से 21 बार ॐकार एवं नगर संकीर्तन हुआ। तत्पश्चात माध्यन्ह 12.05 से साई भजन और नारायण सेवा किया गया, जिसमें 21 नारायनों को कम्बल वितरन एवं भोजन कराया गया। शाम 6 बजे से पुनः भजन एवं बाल विकास बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया।

कार्यक्रम साई सेवा सदन मांझापारा कांकेर में आयोजित किया गया। समिति संयोजक जगदीश मरावी, सेवादल के गोपी राम रवानी, शिवनारायण नेताम, गोवर्धन नेताम, मोहन सेनापति, रमेश जैन, प्रदीप जोशी, महेश श्रीवास्तव, पवन कौशिक, अजय गुप्ता, उत्तम कार्टेंद्र, मनोज जायसवाल, पंकज कौशिक, केतन व्यास, कान्हा, संजय, मानेक,



शांति पंत, शकुंतला जोशी, रमा तारक, शीला जैन, अलका सोनी, मंजू शर्मा, अनिका गुप्ता, सरिता गुप्ता, कृषनी कौशिक, स्मृति कौशिक, जया सेनापति, संतोषी मरावी, कृष्णा पांडव, नीति मरावी, कृतज्ञ, वृन्दा सलाम, हिरामन सिंह सलाम, दामयंती राजपूत, कालाबाई नाग, मंजू गुप्ता, उषा मिश्रा, सरला शर्मा, सुनीता शर्मा, ललिता रवानी, ललिता राजपूत, चंचल, मंजू दीवान, सीमा शर्मा, सुनीता शर्मा, बसंती केशरवानी, उमा यादव, सुनीता मिश्रा, मिष्ठी, मिनाक्षी जैन, विनीता जैन, अंकित सोनी, रामनाराण जैन, वर्षा साहू एवं अन्य साई भक्त उपस्थित होकर बाबा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया।

# मितानिन दिवस पर शाल व श्रीफल भेंट कर मितानिनों का किया सम्मान



**नरहरपुर।** मितानिन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ कही जाने वाली मितानिनों का सम्मान समारोह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मितानिनों को उनके उत्कृष्ट कार्य, नगर में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने, मातृ-शिशु स्वास्थ्य संरक्षण, टीकाकरण अभियान तथा पोषण कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान के लिए शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजित समारोह के दौरान स्वास्थ्य सुधार, कुपोषण उन्मूलन तथा महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा पर चर्चा की गई। मितानिनों ने भी अपने अनुभव साझा किए और भविष्य में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नगर पंचायत पार्षद मुकेश संचेती ने कहा कि मितानिन सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य तंत्र की नींव हैं। वे गाँव के हर घर तक स्वास्थ्य सेवाओं, पोषण जागरूकता, मातृ-शिशु देखभाल, टीकाकरण और आपातकालीन सहायता पहुँचाने में सबसे आगे रहती हैं। विशेषकर गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पूर्व एवं प्रसव बाद सेवाएं, कुपोषण उन्मूलन, परिवार नियोजन तथा संक्रामक रोगों की रोकथाम में मितानिनों का योगदान अमूल्य है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुपेंद्र धुव ने कहा कि गाँव में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था, पोषण की स्थिति सुधारने, नियमित टीकाकरण, जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता तथा महिलाओं-बच्चों के स्वास्थ्य सुरक्षा पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मितानिनों के समर्पण के कारण ही गाँवों में स्वास्थ्य संकेतकों में लगातार सुधार हो रहा है। ग्रामीण चिकित्सा अधिकारी नेत्रपाल साहू ने उपस्थित मितानिनों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके समर्पण और सेवा भावना की सराहना की। इस अवसर पर नगर पंचायत नरहरपुर की मितानीन कचरा सोनवंशी, चन्द्रीका साहू, धनेश्वरी साहू, भारती साहू, राजबाई दर्रो, रोहिणी साहू, पुष्पा यादव, रामकुवर यादव, देवकी कुंजाम, सविता पोटाई, बिंदा मंडावी, चन्द्रीका निषाद व स्वस्थ विभाग से रोहित साहू पंचूराम शोरी उपस्थित रहे।

## बस्तर पुलिस को चोरी के वारदात को सुलझाने में मिली कामयाबी

# तीन दुकानों में चोरी करने वाला चोर पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर।

बस्तर पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को पकड़ने में थाना परपा और बस्तर पुलिस को सफलता मिली है।

प्रार्थी कृष्ण कुमार गुप्ता निवासी ग्राम बेडागुडा सडकपारा राजूर तोकापाल थाना परपा ने 4 अक्टूबर को लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा दुकान के छत को काटकर दुकान में रखे सामान सिगरेट पैकेट एवं नगदी रकम चोरी का रिपोर्ट दर्ज कर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के पर्यवेक्षण में सायबर सेल की मदद से टीम गठित कर मामले के अज्ञात आरोपी के पतासाजी पर रवाना किया गया। विवेचना दौरान आरोपी का पिथौरा में होने की जानकारी मिलने पर टीम द्वारा पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी




यादराम पटेल पिता स्व नीलसिंह पटेल 32 वर्ष निवासी ग्राम फरौदा बुन्देली जिला महासमुंद का रहने वाला है।

अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर उसने 3 अक्टूबर को रायपुर से जगदलपुर आकर रात्रि लगभग 2 बजे तोकापाल स्थित किराना दुकान के छत के शेड को वायर कटर से काटकर दुकान से लगभग 3500 एवं गोल्ड फ्लैग प्रीमियम छोटी गोल्ड का 5 पूड़ा गोल्ड फ्लैग एक्सल सिगरेट 3 पूड़ा, गोल्ड फ्लैग 10 पूड़ा एंडीमेंट सिगरेट की चोरी की। कुछ दिन बाद 15 अक्टूबर एवं 28 अक्टूबर को रायपुर से दोबारा बस्तर आकर मेन चौक में किराना दुकान में रात्रि को दुकान की शेड को काटकर अंदर प्रवेश कर 20 पूड़ा एडवांस सिगरेट और अन्य सिगरेट, 7 हजार रूपए एवं सिगरेट 18 से 19 पूड़ा, 70 पैकेट गुटखा, गल्ला में रखा 7 हजार चोरी कर रेल्वे स्टेशन रायपुर में रेल्वे ट्रेन में घूम-घूमकर यात्रियों को बिक्री करना एवं कुछ सिगरेट गुटखा व 75 हजार रूपए नकद को राजिम वाले किराए के मकान में रखना बताया। बिक्री किये हुये समान के पैसे में से 9 हजार का हायर कंपनी का एलईडी टीवी तथा फिलिप्स कंपनी का साउण्ड बाक्स 3 हजार में ख़रीदना। अपनी बहन के नाम पर हीरो कंपनी का स्कूटी 15 हजार में खरीदना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर उक्त सम्पत्ति को जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

पेज 11 के शेष...

### माइंस प्रबंधन, वन...

है। इसका ड्रिलिंग मशीन से आकलन का शासन को रिपोर्ट देनी है। लेकिन पुराने माइंस का हवाला देकर कार्य बाधित की जा रही है। नए माइंस वनोपज क्षतिपूर्ति हर साल देने के हम तैयार हैं।

### जिले में धान...

सकते हैं। उठाई गिरोह डिक्की का ताला तोड़ने में सेकंड भर लगाते हैं, इसलिए निकाले गए पैसों को गाड़ी की डिक्की में कभी न रखें। बैंक से लौटते समय यदि लगे कि कोई पीछा कर रहा है, तो घर न जाकर नजदीकी पुलिस थाने पहुंचे। कांकेर पुलिस ने साफ कहा है कि साइबर ठगी के मामलों में बैंक कभी फोन पर ओटीपी, पिन, पासवर्ड या केवाईसी जानकारी नहीं मांगता। अपराधी बैंक कर्मचारी, कस्टमर केयर या सरकारी अधिकारी बनकर कॉल करते हैं और खाते बंद होने या अपराध में फंसने का डर दिखाते हैं। ऐसे कॉल शत प्रतिशत फर्जी होते हैं, इनसे बचने का प्रयास करें।

### राष्ट्रीय एकता में...

और साथ ही एक पेड़ मां के नाम के तहत विभिन्न जगहों पर पौध रोपण भी किया। सांसद एवं विधायक ने ग्राम अर्जुनी, भीरावाही एवं अलबेलापारा में आयोजित मंचीय कार्यक्रमों में भी ग्रामीणों को संबोधित कर सरदार पटेल के योगदान के बारे में अवगत कराया। कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी ताकत होती है। आज जिस उत्साह के साथ युवाओं ने यूनिटी मार्च में हिस्सा लिया, वह इस बात का प्रमाण है कि कांकेर की युवा शक्ति जागरूक, संगठित और देशहित के लिए सदैव तैयार हैं। उन्होंने सामाजिक सद्भाव और परस्पर सौहार्दता बनाए रखने की अपील करते हुए अपने गांव और शहर को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने की बात कही। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें जनप्रतिनिधियों, नागरिकों के अलावा विभिन्न विभागों अधिकारी कर्मचारियों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। नरहरदेव स्कूल के डोम में यूनिटी मार्च के समापन अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण विद्यार्थियों के द्वारा किया गया। इस अवसर पर राज्य मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, महेश जैन, कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरुण वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, एनसीसी, रेडक्रॉस तथा पुलिस बल के जवान सहित नागरिक मौजूद रहे।

### दक्षिण दिल्ली भ्रमण...

दिल्ली भ्रमण के लिए रवाना हुए। इस दल में जिले से 20 प्रतिभागी तथा नारायणपुर जिले से 40 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनके चयन की जिम्मेदारी क्रमशः आइटीबीपी और बीएसएफ सीमा सुरक्षा बल को दियागया है। यह दल 22 नवम्बर को प्रस्थान कर 24 से 30 नवम्बर तक दिल्ली में आयोजित होने वाले शिविर में भाग लेगा, जहाँ प्रतिभागियों को राष्ट्रीय संस्थानों का भ्रमण, सांस्कृतिक आदान-प्रदान गतिविधियाँ, नेतृत्व विकास तथा व्यक्तित्व संवर्धन से जुड़े सत्रों में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

### लापता युवक की...

ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा है कि मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस टीम अब आगे की जांच में जुट गई है।

**खबर संक्षेप**

### आवक कम होने से टमाटर महंगा



**जगदलपुर।** इस रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददार पहुंचे थे। बाहर से आने वाले टमाटर की आवक नगण्य होने से लोकल टमाटर महंगा हो गया है। बाजार में लोकल मटर के दाम 240 रुपए प्रति किलो तक पहुंचा, इससे ग्राहकों की जेब पर बोझ डाल रही हैं। व्यापारियों के अनुसार मटर के भाव पिछले साल की तुलना में इन दिनों तीन से चार गुना ज्यादा हैं। वहीं दूसरी ओर आवक कम होने से टमाटर की दरें महंगा हो गया है। रविवार को बाजार में टमाटर 50, करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 100, आलू 30, प्याज 30, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी, पालकभाजी 20 रूपए में 8 जूड़ी एवं मैथी 20 रूपए में 5 जूड़ी बिक रही है।

### अमीन भर्ती परीक्षा में 15,908 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा आयोजित जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारी चरम पर है। प्रदेश के सभी 33 जिलों से लगभग 2 लाख 30 हजार अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हो रहे हैं जिसका आयोजन 7 दिसंबर को राज्यभर के 16 जिलों के चयनित परीक्षा केंद्रों में किया जा रहा है। बस्तर जिले में भी परीक्षा को लेकर व्यापक व्यवस्था की गई है जहां जगदलपुर और आसपास में कुल 60 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और इनमें 15,908 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। विभिन्न महाविद्यालयों, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और स्वामी आत्मानंद विद्यालयों सहित लगभग सभी प्रमुख शिक्षण संस्थानों को परीक्षा केंद्र के रूप में चिह्नित किया गया है जिनमें 60 से लेकर 420 तक परीक्षार्थियों की क्षमता के अनुसार बैठने की व्यवस्था की गई है। व्यापमं ने परीक्षा दिवस के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं जिनका पालन सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य होगा। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2.15 बजे तक आयोजित की जाएगी जबकि परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार ठीक 11.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पहले केंद्र पहुंच जाएं ताकि फ्रिस्किंग एवं फोटोयुक्त पहचान पत्र से सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

# इन्द्रावती नदी पार कर मतदाताओं तक पहुंची प्रशासनिक टीम

## सुदूर अंचलों में बीएलओ का उत्कृष्ट कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

जिला प्रशासन के नेतृत्व में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत बीजापुर के दूरस्थ और कठिन भौगोलिक परिस्थितियों वाले क्षेत्रों में बीएलओ और प्रशासनिक टीम द्वारा किए जा रहे कार्य ने उल्लेखनीय परिणाम दिए हैं। नदी, पहाड़ और घने जंगलों से घिरे नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र में भी प्रशासन मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत है। भैरमगढ़ ब्लॉक के कुटरु क्षेत्र में बीएलओ और स्थानीय प्रशासनिक टीम ने इन्द्रावती नदी को नाव से पार कर जर्गमरका, हुर्रेगवाली, पुसलंका, चिन्नाटोकामेटा और छोटेबोदली जैसे दुर्गम गांवों में पहुंच बनाई। कठिन पहाड़ी रास्तों से गुजरते हुए और कई किलोमीटर पैदल सफर करते हुए टीम ने 300 से अधिक मतदाताओं को गणना पत्रक वितरित किए।

बीएलओ ने न सिर्फ गणना पत्रक पहुंचाए बल्कि ग्रामीणों को उन्हें सही प्रकार से भरने में भी सहयोग प्रदान किया। इस अभियान में नदी पार करने, घने जंगलों में चलने और लगातार सुरक्षा जोखिमों का सामना करने के बावजूद टीम ने अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया। जिला प्रशासन ने इसे अत्यंत सराहनीय कार्य बताया है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सुदूर अंचलों में निवासरत प्रत्येक मतदाता तक पहुंचना लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मजबूती के लिए अनिवार्य है। बीएलओ और प्रशासनिक टीम द्वारा किया गया यह प्रयास हर मतदाता महत्वपूर्ण की भावना को जमीनी स्तर पर साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



**ये रहे शामिल**

अभियान में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सूर्यकांत घरत, सीईओ जनपद पंचायत अभिषेक तंबोली, बीएलओ देवी लाल कंवर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं अन्य सहयोगी सदस्य शामिल रहे।



## चिन्नालाकोड़ेपाल एवं चिन्नाकवाली में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

# 435 विद्यार्थी एवं ग्रामीणों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत ग्राम चिन्नालाकोड़ेपाल स्थित माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को एक विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर लगभग 435 छात्र, शिक्षक एवं ग्रामीण समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम द्वारा किया गया। जिसे एसबीआई फाउंडेशन का सहयोग प्राप्त है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यालय एवं ग्रामीण समाज में दैनिक स्वच्छता आदतों, पर्यावरण संरक्षण और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व को व्यापक स्तर पर प्रसारित करना था। विभिन्न गतिविधियों के जरिए स्वच्छता का गहरा संदेश विद्यार्थियों और समुदाय तक पहुंचाया गया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधन ने एसबीआई संजीवनी टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया और संकल्प लिया कि स्वच्छता को केवल अभियान नहीं, बल्कि नियमित जीवनशैली बनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुकुंद मानिकपुरी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, जेक्रश सिंह चिकित्सक, सिद्धार्थ सिंह फार्मासिस्ट, मनोज यादव लैब टेक्नीशियन, खुशल चौरसिया स्टाफ नर्स, शिवशक्ति कोडियम पायलट उपस्थित थे।

इस सफल आयोजन में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, ग्रामीण समुदाय एवं बच्चों का उत्साह उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता को नई दिशा दी और स्वच्छ भारत के संदेश को प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया।





**विविध आयोजन हुए**

अभियान के अंतर्गत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य पर प्रेरक संवाद, स्वच्छ विद्यालय, स्वच्छ गांव मेरा कर्तव्य, मेरी जिम्मेदारी, जागरूकता रैली, स्वच्छता पर शैक्षणिक लघु फिल्म का प्रदर्शन, क्विज एवं प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता, डब्लूएचओ द्वारा सुझाए गए हैंडवॉशिंग तकनीक का डेमो, सूखा-गीला कचरा पृथक्करण पर मार्गदर्शन एवं डस्टबिन वितरण, विद्यालय प्रांगण की सामूहिक सफाई गतिविधि, स्वच्छ विद्यालय स्वच्छ भविष्य विषय पर पोस्टर, स्लोगन प्रतियोगिता जैसे गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## बस्तर प्रकृति बचाओ समिति ने लगाए फलदार पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर प्रकृति बचाओ समिति द्वारा आदिवासी बालक आश्रम, पश्चिम टेमरा (लोहंडीगुड़ा) में पौधारोपण एवं पर्यावरण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आश्रम परिसर में आम, कटहल,नींबू,लीची, चीकू,जामुन सहित कई फलदार पौधों का रोपण आश्रम के छात्रों के सहयोग से किया गया।

अधीक्षक सुरेश कुमार कश्यप द्वारा उद्यानिकी से जुड़े पौधों तथा साग–सब्जियों के बीजों का रोपण कर बच्चों को कृषि और बागवानी के व्यावहारिक ज्ञान से अवगत कराया गया।

पर्यावरण संवाद के दौरान संस्था के अध्यक्ष दशरथ कश्यप ने आदिवासी संस्कृति में जल, जंगल और जमीन के महत्त्व को रेखांकित करते हुए उसके संरक्षण में सावधानी बरतने की अपील की। अनिता राज ने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ पौधों की देखभाल का संस्कार अपनाने की सलाह दी।

उमेश पानीग्राह ने शिक्षा के नवाचारों का उपयोग करते हुए बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया। सचिव मदन आचार्य ने संस्था की स्थापना, उद्देश्यों और प्रतिदिन पर्यावरण दिन मनाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए आश्रम अधीक्षक सुरेश कुमार कश्यप के बागवानी,मछली पालन,जल पुनः उपयोग द्वारा सिंचाई तथा शिक्षा नवाचारों के सफल प्रयोगों की सराहना की।

## दिव्यांग बच्चों को दिए आवश्यक उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा एवं समग्र शिक्षा कार्यालय के निर्देशन पर एवं जिला मिशन समन्वयक तथा सहायक कार्यक्रम समन्वयक समावेशी शिक्षा तारकेश्वर पैकरा के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय अभिभावक, पालक कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को ब्लॉक स्त्रोत केंद्र समग्र शिक्षा बीजापुर में किया गया।

- समावेशी शिक्षा पर विकासखंड स्तरीय अभिभावक कार्यशाला

कार्यक्रम सुबह 10:30 बजे शुरू हुआ, जिसमें अभिभावकों को समावेशी शिक्षा से जुड़ी समस्त गतिविधियों, प्रक्रियाओं और योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



कार्यशाला के दौरान विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग बच्चों को आवश्यक उपकरण एवं सामग्री का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जागेश्वर कौशल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी नागेश्वर निषाद, खंड स्त्रोत समन्वयक राजेश मिश्रा, बीआरपी समावेशी शिक्षा प्रभारी चितूराम बघेल सहित समस्त स्टाफ की मौजूदगी रही। अधिकारियों और शिक्षकों की सक्रिय भागीदारी से कार्यशाला सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

## छात्राओं ने खेल प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड/ बस्तर

विकासखंड बस्तर के अंतर्गत शासकीय कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में प्राचार्य एआर नोन्हारे के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में 19 नवम्बर से 21 नवम्बर तक शाला स्तरीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न किया गया।

- हर्षोल्लास के साथ वार्षिकोत्सव का समापन

खेलकूद प्रतियोगिता में शाला के अध्ययरत छात्राओ को चार ग्रुप सत्यम, शिवम, सुन्दरम एवं मधुरम में विभाजित कर प्रत्येक ग्रुप से विभिन्न खेल एथलेटिक्स,बैडमिंटन, चैस, कैरम,फुगड़ी, रिलेरेस, खो-खो, कबड्डी, व्हालीबाल एवम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रत्येक ग्रुप हेतु शिक्षकों को मेंटर शिक्षक के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई थी। सभी शिक्षकों ने अपने अपने ग्रुप के जिम्मेदारियों का सक्रियता से निर्वहन किया। शाला के छात्राओं ने सभी प्रतियोगिता में सक्रियता से भाग लेते हुए अपनी खेल प्रतिभा का सराहनीय प्रदर्शन किया।



21 नवम्बर को वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवम द्वीप प्रज्वलित कर ग्राम पंचायत परचनपाल की सरपंच जयन्ती नेताम, कार्तिक सिंह ठाकुर उपसरपंच, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के सदस्य तथा प्राचार्य नोन्हारे के द्वारा किया गया। छात्राओं ने सरस्वती वंदना के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। जिसमे जूनियर एवम सीनियर वर्ग के छात्राओं ने मनमोहक एकल नृत्य,मनमोहक सामूहिक नृत्य एवम प्रहसन का शानदार प्रस्तुतिकरण किया। कार्यक्रम के अंत मे फैंसी ड्रेस एकल अभिनय का आकर्षक प्रस्तुतिकरण हुआ। कार्यक्रम के समापन पर शाला विकाश एवम प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामानंद मिश्रा द्वारा पढ़ाई में भी उत्कष्ठ प्रदर्शन करने हेतु संबोधित एवम प्रोत्साहित किया । सभी प्रथम एवम द्वितीय स्थान प्राप्त छात्राओ को पुरस्कार वितरण किया। अंत मे प्राचार्य द्वारा सभी छात्राओ को एवम सभी शिक्षकों को वार्षिकोत्सव के सफलता पूर्वक आयोजन पर बधाई प्रेषित दी।

## विवादित प्रकरणों का मौके किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

बकावंड तहसीलदार जोगेश्वरी गावडे के द्वारा वर्षों से विवादित लंबित राजस्व भूमि प्रकरणों को मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है। दूरस्थ अंचलों में पहुंचकर विवादित प्रकरण को नियमानुसार तथा आपसी सहमति से निपटाया जा रहा है। इस कार्य में पुलिस विभाग का भी तहसीलदार द्वारा सहयोग लिया जा रहा है । राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि लंबित प्रकरणों, नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। जिससे ग्राम वासियों की भूमि संबंधी समस्या का निराकरण हो।



## कृषि सूचना केंद्र का उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अनुभव देना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर के बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्रों ने ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत ग्राम बड़े मारेंगा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित इस महाविद्यालय के छात्रों ने किसानों और ग्रामीणों के लिए एक कृषि सूचना केंद्र की स्थापना की जिसका औपचारिक उद्घाटन 21 नवंबर को एक समारोह में किया गया। इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य छात्रों को व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना और किसानों को कृषि की नवीन तकनीकों व ज्ञान से जोड़ना है।

- बड़े मारेंगा में कृषि सूचना केंद्र का हुआ उद्घाटन



डॉ. गुप्ता के स्वागत उद्बोधन के बाद डॉ. कोठारी ने कृषि विद्यार्थियों के रावे कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात अधिष्ठाता डॉ. नेताम ने बताया कि जिस प्रकार मेडिकल छात्रों को व्यावहारिक अनुभव हेतु गांव में अनुलग्न किया जाता है उसी प्रकार कृषि छात्रों को भी ग्रामीण कार्य अनुभव के लिए गांव में कार्य करना होता है। विशिष्ट अतिथि दिगेश नाग ने कृषि में शोध किए गए नवीन तकनीकों को कृषक के खेतों तक पहुंचाने की महत्ता पर ज़ोर दिया। पशु चिकित्सा विभाग से उपस्थित डॉ. देवेश मेश्राम ने पशु विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी कृषकों एवं छात्रों को उपलब्ध कराई।

## सांसद ने किया भूमिपूजन, सरकार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देने कर रही कार्य

# महतारी सदन निर्माण से सशक्त होंगी ग्रामीण महिलाएं : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

प्रदेश की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से परचनपाल ग्राम पंचायत में 30 लाख की लागत से बनने वाले महतारी सदन का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सांसद मने कहा कि यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान से प्रेरित है जो महिलाओं की क्षमता को राष्ट्र निर्माण से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि महतारी सदन निर्माण से ग्रामीण महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण, आजीविका संवर्धन तथा सामुदायिक कार्यक्रमों के संचालन हेतु एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित और संगठित स्थान उपलब्ध होगा। सांसद ने बताया कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए तेज़ी से कार्य कर रही है। इसी क्रम में पहले चरण में 179 महतारी सदन स्वीकृत किए गए हैं। योजना के अनुसार पहले प्रत्येक विकासखंड में और इसके बाद प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में महतारी सदन की स्थापना की जाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि यह महतारी सदन ग्रामीण विकास और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम से पूर्व संतोषी माता मंदिर में पूजा अर्चना कर क्षेत्र वासियों की सुख समृद्धि की कामना की। मितानिन दिवस के अवसर पर दो मितानिनों को सांसद ने श्रीफल व साड़ी देकर सम्मानित किया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य कांति बाई मौर्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष संतोष बघेल, मनीराम कश्यप,अरुण परिहार, उदबोराम नाग, रामानंद मिश्रा, सुकदेव मंडावी, कुसुम परिहार, सरपंच जयंती नेताम, नरेंद्र जोशी, मोहन चौरसिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि, परचनपाल सरपंच एवं पंचगण, महिला स्व सहायता समूहों की सदस्याएं सहित आरईएस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्तिथ थे।



## मंदिर समिति ने सांसद को सौंपा ज्ञापन



बस्तर। सांसद महेश कश्यप रविवार को परचनपाल स्थित माता संतोषी मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। जहां मंदिर समिति की ओर से परचनपाल से कोलचूर तक जर्जर सड़क मार्ग को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ने मांग पत्र सौंपा। इस दौरान मंदिर समिति के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

### धान खरीदी में अव्यवस्था से अन्नदाता परेशान : समीर

**जगदलपुर।** आप नेता समीर खान ने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि 15 नवंबर से खरीदी सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है। अधिकांश उपार्जन केंद्रों में किसान धान लेकर पहुँच तो रहे हैं, पर खरीदी न होने से उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। सहकारी समितियों की हड़ताल समाप्त होने के बावजूद खाद्य, कृषि और राजस्व विभाग की अव्यवस्था ने पूरे सिस्टम को चरमराया हुआ है। कई किसानों का धान घर के पटाव में पड़ा-पड़ा खराब होने की कगार पर है, जिससे अन्नदाता गहरी चिंता में हैं। उन्होंने बताया कि कांकेर जिले में प्रबंधक और ऑपरेटरों की हड़ताल के कारण अब तक खरीदी शुरू ही नहीं हो पाई है। प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में कृषि व राजस्व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई, पर उन्होंने भी काम करने से इनकार कर दिया। बस्तर,सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों में भी किसान टोकन से लेकर बिक्री तक भारी परेशानियों से जूझ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### साधुमिचगांव में मितानिन दिवस पर 18 मितानिन बहनों का हुआ सम्मान

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगांव में रविवार को मितानिन दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत क्षेत्र की कुल 18 मितानिन बहनों का सम्मान किया गया। उन्हें श्रीफल और साल भेंट कर उनके सेवाभाव और कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत के तत्वाधान में किया गया, जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिरो कोमरे ने कहा कि मितानिन बहनें ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की नींव हैं, जो गाँव-गांव तक स्वास्थ्य जागरूकता, देखभाल और प्राथमिक उपचार की अमूल्य सेवा प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि मितानिनों का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय है। सरपंच मुकेश कुमार गावड़े ने भी मितानिन बहनों के निरंतर प्रयासों और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हर परिस्थिति में लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहती हैं। इस अवसर पर उपसरपंच राकेश जाड़े, वार्ड पंच फागोबाई यादव, राम दुगा, मोहपाल मंडावी, रोजगार सहायक सुशील आचला, रजोन नरेटी सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## निधन

### हिराउ राम नरेटी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोदल अंतर्गत ग्राम डांगरा निवासी हिराउ राम नरेटी का निधन हो गया, वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे थे।उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम डांगरा में किया गया, जिसमें ग्रामवासी रिश्तेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे ग्राम पंचायत भंडारडीगी के पूर्व सरपंच सरीद राम नरेटी के पिता एवं सीमा नरेटी ससुर थे।



# ईसाई धर्मांतरित चार परिवार के 21 लोगों के मूलधर्म में लौटने पर स्वागत

## कोडेकुर्से की बैठक में 30 गांव के लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

धर्मांतरण से बढ़ती असंतुष्टि के बीच ग्राम कोडेकुर्से में रविवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें आसपास के 30 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। बैठक में धर्मांतरण रोकने के लिए एक संयुक्त सामाजिक पहल के रूप में मूल संस्कृति बचाव समिति का गठन किया गया। इसी कार्यक्रम के दौरान सुरुंगदोह एवं साधुमीचगांव के 4 परिवारों के कुल 21 सदस्यों ने सार्वजनिक रूप से अपने मूल धर्म में वापसी की बात कही।

**पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया:** रीति-रिवाजों के अनुसार गायता, पटेल, समाज प्रमुखों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूजा-अर्चना, अक्षत और पगड़ी बांधकर इन परिवारों का स्वागत किया गया। स्थानीय समाज ने इसे क्षेत्रीय संस्कृति और सामाजिक एकता के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से धर्मांतरण के मामलों में वृद्धि ने समाज में असंतोष का वातावरण उत्पन्न कर दिया था। कई गांवों में परंपरागत मान्यताओं से दूर जाने की प्रवृत्ति को लेकर चिंता जताई जा रही थी। इसी कारण गांवों के लोगों ने आपसी सहमति बनाकर धर्म और संस्कृति की पहचान बनाए रखने के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाने का निर्णय लिया है। बैठक के दौरान कहा गया कि समाज की मजबूती उसकी परंपरा और एकता में निहित होती है। धर्मांतरण से टूटती सामाजिक संरचना को बचाने के लिए जागरूकता आवश्यक है। जो परिवार अपनी पारंपरिक आस्था में लौटना चाहते हैं, उनका स्वागत किया जाएगा।



### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक प्रमुख सामाजिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, सर्व आदिवासी समाज संरक्षक सुकलाल नाग, पिछड़ा वर्ग समाज ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल, धन सिंह पुंगाटी, नारायणसिंह पटेल, बहादुर तुलावी, अजीत हिंडको, दीपक पुडो, जागेश्वर टेकाम, सखाराम हिडको, तुकाराम पटेल, राजमान कोवची, परसू पुंगाटी, सिरो कोमरे, रघुनंदन गोस्वामी, जनक आरदे, भाव सिंह मांडवी, हितेश सांघीय, मनी पटेल, भाव सिंह प्रधान, शोभाराम, मंगीयाराम टेकाम, राजाराम जाड़े, मानक लाल गावड़े, गजेश जाड़े, परमेश्वर रावटे सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहें।

## पीजी कालेज के समारोह में विधायक ने आदिवासी के संघर्ष और राष्ट्र प्रेम की जानकारी दी

# जनजातीय गौरव कार्यशाला में शहीदों का किया यशोगान, हुईं विविध प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



अग्रणी महाविद्यालय भानुप्रतापदेव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भगवान बिरसा मुण्डा जयंती तथा जनतातिय गौरव माह के उपलक्ष्य में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रांरभ एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य तथा जनजातिय शहीदों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण के साथ हुआ। राजकीय गीत के पश्चात डॉ. लक्ष्मी लेकाम द्वारा परिचयात्मक उद्बोधन तथा प्राचार्य स्वागत भाषण दिया गया।

मुख्य वक्ता आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य स्वस्थ्य परंपरा एवं औषधि पादम बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम ने भगवान बिरसा मुण्डा की अमर कहानी के साथ-साथ शहीद गेंदसिंह, वीरनारयण सिंह गुण्डाधुर, लांगुर किसान सरगुजा आदि की वीर गाथा का वर्णन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन सबका संघर्ष अविस्मरणीय है और वर्तमान शासन प्रशासन द्वारा इस दिशा में अथक प्रयास किया जा रहा है, जिससे हम उन शहीदों को भी जान पाए है जो गुमनाम शहादत के पीछे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने कहा हमारे आदिवासी भाइयों का जीवन पड़ा कठिन होता है। इस संच से मैं शासन प्रशासन को धन्यवाद देता हूं कि जनजातिय गौरव को अक्षुण्य बनाए रखने के लिए और विश्व में इस संसकृति को परोसने में उनका अमूल्य योगदान है।

हम प्रकृति के पुजारी है और तीर, कमान, भाला हमारी पहचान है। बंदूक हमारी संस्कृति में नहीं है। लोगों से मिलजुल कर रहना हमारी जनजाति का स्वभाव है। आज संस्कृति में पढ़-लिखकर विकृति आ गई है। पाश्चात्य सभ्यता से इसे बचाना होगा। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष देवेन्द्र भाऊ ने अपने वक्तव्य की शुरूआत स्वतंत्रता सेवानियों के जयकारे के साथ की। भगवान बिरसा मुण्डा के योगदान तथा सामाजिक उत्थान के लिए उनकी लड़ाई को याद करते हुए बताया कि उन्हे भगवान की पद्वी क्यों दी जाती है। उन्हें धरती आबा धरती का पिता कहा जाता है। इस महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक स्व. वाल्यानी सर को याद करते हुए बताया कि अनेक शोध द्वारा उन्होंने भी वीर शहीदों को सामने लाने में अपना योगदान दिया। महाविद्यालय के आडोटोरियम, खेल परिसर और छात्रावास की मांग भी उन्होंने विधायक के सम्मुख रखी। कार्यक्रम के अंत में रंगोली प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता एवं जनजातिय फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का पुरस्कार विवरण किया गया।

अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल, अलका केरकेट्टा, डॉ. आशीष नेताम उपस्थिति रहे।

# गिरदावरी में जमीनों का रकबा घटा, धान बेचने में बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

क्षेत्र में इस वर्ष कृषि गिरदावरी को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। कई गांवों में किसानों की वास्तविक बोनी के मुकाबले रकबा कम दर्ज कर दिया गया है, जिससे सरकारी धान खरीद केंद्रों में पंजीकरण और बिक्री प्रक्रिया ठप पड़ रही है। गलत गिरदावरी के कारण धान उठाव पर भी रोक लग गई है, जिसके चलते किसानों की पूरी मेहनत मंडी पहुँचने से पहले ही बाधित हो रही है।

किसानों का कहना है कि पहले ही मौसम की मार और खाद की किल्लत ने उन्हें संकट में डाल दिया था। कहीं पानी की कमी से फसल सूख गई, तो कहीं समय पर खाद न मिलने से उत्पादन प्रभावित हुआ। अब गिरदावरी में रकबा कम दर्ज होने ने किसानों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी है। किसान लगातार पटवारी और तहसील कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही। ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी और गिरदावरी टीम ने बिना मौके का सही निरीक्षण किए खेतों का क्षेत्रफल कम दर्ज कर दिया, जिससे अब सरकारी खरीद केंद्रों पर उनके पंजीकरण स्वीकार नहीं हो रहे। किसानों का कहना है कि उनकी फसल पूरी तरह तैयार है, लेकिन दस्तावेज़ों में रकबा कम दिखने के कारण धान बेचने का मौका हाथ से निकलता जा रहा है। कई किसानों ने बताया कि शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद समाधान की कोई स्पष्ट समय-सीमा नहीं बताई जा रही, जिससे किसान रोज़ाना तहसील और राजस्व कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। किसान संगठनों ने भी इस मामले पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि गिरदावरी में त्रुटियाँ किसानों की आय और आजीविका पर सीधा असर डालती हैं। संगठनों का कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है, जबकि गिरदावरी जैसे महत्वपूर्ण कार्य में पारदर्शिता और जिम्मेदारी अनिवार्य है। उन्होंने मांग की है कि प्रभावित गांवों में तत्काल जिन किसानों का रकबा गलत दर्ज हुआ है, उनके रिकॉर्ड जल्द से जल्द सुधारे जाएँ, ताकि वे सरकारी खरीद प्रक्रिया में अपनी उपज समय पर बेच सकें। इस पूरे मामले में किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि प्रशासन जल्द हस्तक्षेप करेगा और उनकी मेहनत से उगी फसल सरकार के खरीद केंद्रों तक पहुँच सकेगी।

### धान खरीदी में अव्यवस्था से अन्नदाता परेशान : समीर

**जगदलपुर।** आप नेता समीर खान ने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि 15 नवंबर से खरीदी सुचारू रूप से शुरू हो चुकी है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है। अधिकांश उपार्जन केंद्रों में किसान धान लेकर पहुँच तो रहे हैं, पर खरीदी न होने से उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। सहकारी समितियों की हड़ताल समाप्त होने के बावजूद खाद्य, कृषि और राजस्व विभाग की अव्यवस्था ने पूरे सिस्टम को चरमराया हुआ है। कई किसानों का धान घर के पटाव में पड़ा-पड़ा खराब होने की कगार पर है, जिससे अन्नदाता गहरी चिंता में हैं।

# दुर्गूकोंदल में 35 मितानिनों, आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल में रविवार को मितानिन दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत के तत्वाधान में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत की सरपंच शकुंतला नरेटी ने मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करते हुए यह उत्सव ग्रामवासियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत क्षेत्र के विभिन्न ग्रुप और मंडलों की कुल 35 मितानिन बहनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। सम्मान के रूप में महिलाओं को श्रीफल, साल व साड़ी भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने इन सभी कर्मठ महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सरपंच शकुंतला नरेटी ने मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की कार्यशैली को संवेदनशील, जिम्मेदार और अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएँ इन महिलाओं के अथक प्रयासों से सुदृढ़ होती हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों का टीकाकरण, बीमारों की प्राथमिक स्वास्थ्य सहायता, पोषण, जागरूकता एवं गांव में स्वास्थ्य शिक्षा का विस्तार इन सभी क्षेत्रों में मितानिनों का योगदान अमूल्य है। मितानिन और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता गाँव की वास्तविक शक्ति हैं। ये बिना थके, बिना रुके जनता के हित में काम करती हैं। इनका समर्पण हमें प्रेरित करता है। कार्यक्रम का वातावरण सौहार्दपूर्ण और उत्साह से भरा रहा। अंत में सरपंच ने सभी उपस्थित महिलाओं और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया तथा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर सहयोग और सामुदायिक भागीदारी का आव्हान किया।



### सिरसिदा में मनाया मितानिन दिवस

**चारामा।** ग्राम पंचायत सिरसिदा में 23 नवंबर को मितानिन दिवस बड़े हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मितानिन बहनों के सम्मान एवं अभिनंदन के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में सरपंच एवं अतिथियों के कर-कमलों से मितानिन दीदियों उमा साहू, दुलारी कोवाची, गोमती साहू, मीना सेवता, मीना कुंजाम, दिनेश्वरी सहारे, राधिका ध्रुव को श्रीफल एवं साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और मितानिन बहनों द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा में दिए जा रहे निरंतर योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का सफल संचालन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिरसिदा के सरपंच कैलाश कोवाची, जनप्रतिनिधि कन्हैया सिंह ठाकुर, यादो राम साहू, पंच रेखा विश्वकर्मा सहित पंचगण उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य व स्वच्छता में मितानिनों योगदान महत्वपूर्णः सरपंच



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्रामाड़ में रविवार को मितानिन दिवस बड़े उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत के तत्वाधान में किया गया, जिसमें ग्रामीणों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर मितानिन बहनों का सम्मान करते हुए उन्हें श्रीफल एवं साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कर्रामाड़ के सरपंच रजलाल आचला ने कहा कि मितानिन ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा की अहम कड़ी हैं, जो गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बीमारों की देखभाल में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने मितानिनों के निस्वार्थ सेवा भाव और समर्पण की प्रशंसा की। उपसरपंच लतीफ ध्रुव ने कहा कि मितानिन बहनें गाँव में स्वच्छता, पोषण और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, उनका श्रमदान अत्यंत सराहनीय है और पंचायत उनके कार्य से पूर्णतः संतुष्ट है। कार्यक्रम सुखद माहौल में संपन्न हुआ और ग्रामीणों ने मितानिनों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपसरपंच लतीफ ध्रुव, वार्ड पंच गंगेश्वरी सोम, भगवती सलाम, कलवाती चिराम सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बनसागर में मितानिन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बनसागर



विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में रविवार 23 नवंबर को मितानिन दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत के तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत बनसागर की मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का श्रीफल एवं साड़ी भेंट कर सम्मान किया गया। यह सम्मान न केवल उनके निस्वार्थ सेवाभाव की प्रशंसा का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था में उनके बहुमूल्य योगदान को स्वीकार करने का एक सामाजिक प्रयास भी है। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच संदीप कुंजाम ने मितानिनों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण और सराहनीय बताया। मितानिन ग्रामीण स्वास्थ्य की रीढ़ हैं। ये गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवा की जागरूकता और सहायता पहुँचाने का कार्य करती हैं। गर्भवती महिलाओं की देखभाल, बच्चों का टीकाकरण, पोषण संबंधी सुझाव, प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य जानकारी देन इन सभी क्षेत्रों में मितानिन बहनें महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये वास्तव में धन्यवाद की पात्र हैं। मितानिनों की सक्रियता और समर्पण से गाँव में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति विश्वास बढ़ा है। जहाँ भी किसी परिवार को मदद की जरूरत होती है, वहाँ सबसे पहले मितानिन बहनें पहुँचती हैं। उनके कारण कई स्वास्थ्य योजनाएँ प्रभावी रूप से ग्रामीण जनता तक पहुँच पाती हैं। सरपंच ने सभी मितानिनों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। सरपंच ने कहा कि ग्राम पंचायत आगे भी मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी, ताकि ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था और अधिक मजबूत बन सके। इस अवसर पर ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेखा नेताम, सतरूपा कुंजाम, चंपा सुरोजिया तथा अन्य महिलाएँ एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान आपसी सहयोग, सेवा भाव और सामुदायिक सहभागिता की भावना स्पष्ट रूप से झलकती रही।

### ग्राम केवटीनटोला में किया गया मितानिनों का सम्मान



**कोरर।** कोरर के ग्राम पंचायत केवटीनटोला में रविवार को आयोजित मितानीन सम्मान दिवस पर मितानीन सम्मान समारोह का आयोजन किया, जिसमें उपस्थित ग्राम प्रमुख सहित ग्रामीणों ने विचार रखा। समस्त मितानिनों को साड़ी देकर सम्मानित किया गया। सरपंच सरिता भुवार्य एवं उपसरपंच परमानंद कावड़े ने कहा कि मितानीन समाज की सच्ची सेविका है। जो पारा-पारा, घर -घर जाकर स्वास्थ्य का प्रकाश फैलाते हैं। ग्राम पटेल अमर बढ़ई ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं और बच्चों की सेहत की रक्षा करने वाली मितानीन हमारी असली नायिका है। मितानीन का सम्मान करना मतलब ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था का सम्मान करना है।

### विधायक सावित्री ने किया युवाओं का उत्साहवर्धन



**भानुप्रतापपुर।** शाउमावि भीरागांव द्वारा आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें सिखाता है कि सेवा ही पूजा है। यह योजनाएं युवाओं में सेवा, समर्पण, अनुशासन और समाज के प्रति दायित्व भावना को बढ़ावा देती हैं। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि शिविर के माध्यम से विद्यार्थियों ने ग्रामवासियों को स्वच्छता, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया है, जो उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा। उन्होंने कहा कि एनएसएस हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने की राह दिखाता है, जिससे समाज और स्वयं के व्यक्तित्व विकास दोनों का मार्ग प्रशस्त होता है। इस अवसर पर सरपंच जातावाड़ा सियाराम उइके, जनपद अध्यक्ष सुनाराम तेता, सुनील बबला पाढ़ी, जनपद सदस्य दिलेश्वरी दर्रो, भुनेश्वर कोरेटी, महेन्द्र सोनवानी, इन्द्रा आरदे, धनीराम दर्रो, प्राचार्य एनएस गावरे, ग्राम पटेल लादूराम दर्रो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।







